ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा
इंद्रावती भवन, चतुर्थ तल, ब्लाक–ए, नया रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक / हा. / बि.म.पु.यो. / 2014–15 / नया रायपुर, दिनांक .03.2015

स्व. श्री. बिसाहू दास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार वर्ष 2013–14 हेतु प्रविष्टियों का आमंत्रण

छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग द्वारा प्रदेष के हाथकरघा वस्त्र उद्योग को संरक्षण प्रदान करने तथा बुनकरों की कल्पना शीलता, योग्यता तथा कारीगरी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्व. श्री. बिसाहू दास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार की स्थापना की गई है।

स्व. श्री. बिसाहू दास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना के तहत् वर्ष 2013–14 के लिए प्रदेश के कार्यरत बुनकर शिल्पियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन सहित दिनांक 25.04.2015 तक प्रविष्टि आमंत्रित किए जाते हैं।

पुरस्कार का स्वरूप :–

स्व. श्री बिसाहू दास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना के तहत् चयनित बुनकर को राशि रू. 2.00 लाख (अक्षरी दो लाख रूपये) मात्र नगद पुरस्कार तथा प्रतीक चिन्ह, शॉल एवं श्रीफल दिया जायेगा। परंतु चयन समिति के निर्णय के आधार पर पुरस्कार की नगद राशि अधिकतम दो व्यक्तियों के मध्य विभाजित हो सकती है।

पुरस्कार हेतु मुख्य नियम व शर्तें :–

1. प्रविष्टि प्रस्तुत करने हेतु आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना चाहिये। (छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
2. आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु का बंधन नहीं है।
3. प्रस्तुत प्रविष्टि, आवेदक द्वारा हाथकरघा पर स्वयं के द्वारा बुनाई की गई हो। इस संबंध में निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र देना होगा।
4. एक आवेदक की एक ही प्रविष्टि स्वीकार्य की जावेगी।
5. पूर्व पुरस्कृत प्रविष्टि इस योजनांतर्गत पुरस्कार हेतु ग्राहय नहीं होगी। इस योजनांतर्गत प्रविष्टि प्रथम बार प्रस्तुत करने के संबंघ में आवेदक को स्टांप पेपर पर शपथ पत्र देना होगा।
6. पुरस्कार दिये जाने हेतु प्रविष्टि चयन तथा पुरस्कार वितरण सम्पन्न होने के मध्य यदि संबंधित बुनकर का निधन हो जाता है तो चयनित एवं घोषित पुरस्कार उस बुनकर के द्वारा नामांकित व्यक्ति को देय होगा।

7. पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लेने के लिए चयनित व्यक्ति को उनके निवास स्थान से पुरस्कार समारोह स्थल तक आने जाने एवं एक दिन ठहरने के लिये शासन के प्रथम श्रेणी अधिकारी के समकक्ष यात्रा करने एवं यात्रा भत्ता पाने की पात्रता होगी।
8. कोई भी शासकीय/अर्धषासकीय/सहकारी संस्था/संघ के कर्मचारी इस पुरस्कार योजना में भाग नहीं ले सकेंगे।
9. प्रविष्टि मे दिये गए तथ्यों/निष्कर्षों/प्रमाणों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व प्रविष्टि के प्रस्तुतकर्ता का रहेगा। इस मामले में राज्य शासन किसी भी विवाद में पक्ष नहीं माना जावेगा।
10. एक बार चयन नहीं होने का अभिप्राय यह नहीं होगा कि, संबंधित व्यक्ति की प्रविष्टि आगामी वर्ष में पुरस्कार हेतु प्रस्तुत करने की स्थिति में विचारणीय नहीं होगा।
11. पुरस्कार के चयन के संबंध में कोई आपत्ति अथवा अपील स्वीकार्य नही होगी।

आवेदन कैसे करें –

इच्छुक आवेदक अपनी प्रविष्टि प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित आवेदन पत्र व पुरस्कार के विस्तृत नियम एवं शर्ते अपने जिले के जिला कलेक्टरेट कार्यालय एवं जिला हाथकरघा कार्यालय रायपुर/दुर्ग/राजनांदगांव/जगदलपुर/महासमुन्द/ बिलासपुर/ जांजगीर–चांपा/रायगढ़/अम्बिकापुर से प्राप्त कर सकते है। आवेदक अपनी प्रविष्टि बन्द लिफाफे में आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र सहित अपने जिले के कलेक्टर के माध्यम से, अथवा संबंधित जिला हाथकरघा कार्यालय अथवा संचालक ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा) सोनाखान भवन रिंग रोड, रायपुर (छ.ग.) को जमा कर सकते है। पुरस्कार हेतु प्रविष्टि जमा करने की **अंतिम तिथि 25.04.2015 है।** इस तिथि के पश्चात् प्राप्त प्रविष्टि पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्रविष्टि हेतु प्रस्तुत लिफाफे के ऊपर स्व. श्री. बिसाहू दास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार वर्ष 2013–14 तथा आवेदक का नाम व पूर्ण पता अंकित किया जाना अनिवार्य है।

संचालक
ग्रामोद्योग हाथकरघा
छत्तीसगढ़, रायपुर.

स्वर्गीय श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार हेतु प्रविष्टियां प्रस्तुत करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

संचालक,
ग्रामोद्योग संचालनालय,
हाथकरघा प्रभाग
छत्तीसगढ़, रायपुर.

द्वारा :– 1 कलेक्टर, जिला .....
2 उप/सहायक संचालक, जिला हाथकरघा कार्यालय .....

विषय :– राज्य स्तरीय स्वर्गीय श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना वर्ष 2013–14 हेतु प्रतिस्पर्धा में सम्मिलित होने बाबत् आवेदन पत्र।

महोदय,

राज्य स्तरीय स्वर्गीय श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार वर्ष 2013–14 हेतु प्रतिस्पर्धा में सम्मिलित होने बावत् आवेदन–पत्र एवं हाथकरघा वस्त्र नमूना (प्रविष्टि) प्रस्तुत कर रहा हूँ। मेरे से संबंधित जानकारी निम्नानुसार है :–

1) बुनकर का नाम एवं पूर्ण पता .....
(छत्तीसगढ़ मूल निवसी का .....
प्रमाण–पत्र संलग्न करें)
2) उम्र (जन्म तिथि अंकित करें) .....
(जन्म प्रमाण पत्र/षैक्षणिक
प्रमाण–पत्र/सरपंच का प्रमाण पत्र)
जो उपलब्ध हो, संलग्न करें।
3) गुरू अथवा षिक्षक का नाम व पता .....
(जिससे बुनाई का प्रशिक्षण मिला है)
4) हाथकरघा बुनाई से संबंधित ..... वर्ष अनुभव है ।
5) वर्तमान मासिक आय .....
6) यदि बुनकर को पूर्व में कोई पुरस्कार.....
मिला हो तो उसका वर्षवार विवरण।

7) क्या वस्त्र बुनकर द्वारा स्वयं ..... निर्मित किया गया है एवं उक्त ..... प्रविष्टि, पुरष्कार हेतु प्रथम बार प्रस्तुत किया जा रहा है।
(स्टांप पेपर पर शपथ पत्र संलग्न करें)

8) पुरस्कार हेतु प्रस्तुत की जा रही प्रविष्टि का विस्तृत विवरण .....
.....
.....
.....
.....
.....

वस्त्र का नाम/विवरण	साईज़	मूल्य
.....	.....	.....

9) प्रविष्टि की विशेषता .....
.....

10) अन्य जानकारी जो बुनकर देना चाहे – .....
.....

11) पुरस्कार प्राप्त करने नहीं आ पाने की ..... दशा में पुरस्कार प्राप्त करने के लिए ..... नामांकित व्यक्ति का नाम, पता व संबंध .....

मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि उक्त प्रविष्टि मेरे स्वयं के द्वारा हाथकरघा पर बुनाई की गई है, मै इसे मेरी जिम्मेदारी पर स्व. श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजनांतर्गत प्रविष्टि हेतु दे रहा/रही हूँ। इसके रख रखाव में किसी भी प्रकार त्रुटि होने पर मैं किसी भी प्रकार का दावा नहीं करूँगा/ करूँगी।

चयन समिति द्वारा उक्त पुरस्कार हेतु लिया गया अंतिम निर्णय मुझे मान्य होगा।

दिनांक :–

आवेदक बुनकर के हस्ताक्षर
नाम :–.....
पता :–.....

स्वर्गीय श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार वर्ष 2013–14 के लिए प्रविष्टि प्रस्तुत करने बाबत् शपथ पत्र का प्रारूप

मैं श्री/श्रीमति/कुमारी .....
पिता/पति श्री .....निवासी ग्राम .....
तहसील .....जिला .....प्रदेश .....,
सत्य निष्ठा से घोषणा करता हूँ और वचन देता हूँ कि स्वर्गीय श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना वर्ष .....की प्रतियोगिता के लिये मेरे द्वारा प्रस्तुत यह प्रविष्टि (वस्त्र का नाम व किस्म) .....
.....मेरे स्वयं के द्वारा हाथकरघा पर बुना गया है, और मैं विगत वर्षों से हाथकरघा पर वस्त्र बुनाई का कार्य व्यक्तिगत/.....बुनकर सहकारी समिति मर्या .....के माध्यम से करता आ रहा/रही हूँ। प्रस्तुत की जा रही प्रविष्टि पूर्व पुरस्कृत नहीं है तथा पुरस्कार हेतु प्रथम बार प्रस्तुत की जा रही है।

मैं यह भी वचन देता/देती हूँ कि उपर्युक्त कथन असत्य पाये जाने पर मेरे विरूद्व सक्षम प्राधिकारी द्वारा समुचित कार्यवाही के लिये उत्तरदायी रहूँगा/ रहूँगी।

मैं यह भी वचन देता/देती हूँ कि अपने जोखिम और उत्तरदायित्व पर स्वर्गीय श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार के लिये अपनी प्रविष्टि प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ। इस दौरान यदि इस मद के लिए लाने ले जाने में किसी अप्रत्याशित कारण से कोई नुकसान चोरी आदि होता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी होगी, शासन की नहीं होगी। योजना के समस्त नियम व शर्तें मुझे मान्य है।

पुरस्कार हेतु चयन होने की दशा में मैं पुरस्कार ग्रहण करने की सहमति प्रदान करता हूँ।

पूरा नाम .....
पता .....
हस्ताक्षर .....
दिनांक .....

नोट :– उक्त शपथ पत्र 50/– के स्टांप पेपर पर नोटरी से सत्यापित कराकर आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।